न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, सीकर

मुमताज खाँ .... बनाम .... मोहिन्दर आदि

किस्म मुकदमा .... 25 RTA .... मु. नं0 .... 98 .... वर्ष 2018

दिनांक	आज्ञा पत्र	
15-10-18	अपील दर्ज रजिस्टर हो। स्थगन प्रार्थना पत्र पर वकील अपीलांट को सुना गया यह अपील विचारण न्यायालय सहायक कलक्टर लक्ष्मणगढ़ द्वारा आवेदन संख्या 28/2018 में एक पक्षीय रूप से पारित मौके व रिकार्ड की यथास्थिति के आदेश दिनांक 17.07.18 के विरूद्व प्रस्तुत की गई है। यह अपील अन्तरिम स्थगन आदेश के विरूद्व प्राप्त हुई है। विचारण न्यायालय द्वारा विचाराधीन आदेश एक तरफा जारी किया गया है ऐसी स्थिति में अपील इसी स्तर पर निस्तारित कर विचारण न्यायालय को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट मुमताज खां को सुनवाई का अवसर प्रदान कर उनके समक्ष लम्बित आवेदन संख्या 28/2018 का गुणावगुण पर शीघ्रता से निस्तारण करें। निर्णय आज दिनांक 15.10.2018 को सरे इजलास सुनाया गया। अहलमद इस आदेश की एक प्रति विचारण न्यायालय को पालनार्थ भिजवायें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।	

15/10/18

भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं
पदेन राजस्व अपील अधिकारी
सीकर

न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official